**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,**
**लखनऊ।**

संख्या : 41 / 01 / चार / आयोग / 2021
लखनऊ : दिनाँक 20 फरवरी, 2021

<u>आवश्यक सूचना</u>

उत्तर प्रदेश शासन के कार्मिक अनुभाग–3 द्वारा निर्गत किये गये शासनादेश सं०–1103 / 47–का–3–2020–13 / 17 / 2020, दिनांक 20.11.2020 अन्तर्गत समूह 'ग' के पदों पर भर्ती हेतु नवीन आवेदन प्रक्रिया एवं द्विस्तरीय परीक्षा प्रणाली अपनाये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। तदन्तर कार्मिक अनुभाग–3, उ0 प्र0 शासन द्वारा निर्गत शासनादेश सं०–277 / 47–का–3–2021–13 / 07 / 2020, दिनांक 19.02.2021 अन्तर्गत प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा के कार्यक्रम एवं पाठ्यक्रम पर अनुमोदन प्रदान किया गया है। शासन द्वारा अनुमोदित परीक्षा पाठ्यक्रम को सर्वसाधारण के सूचनार्थ आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाता है। इस हेतु अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन–पत्र के पंजीकरण इत्यादि के सम्बन्ध में यथासमय पृथक से सूचित किया जायेगा।

संलग्नक–यथोक्त।

20/02/2021
(आशुतोष मोहन अग्निहोत्री)
सचिव

58/15/2021
20/2/2021

संख्या-277/47-का-3-2021-13/07/2020

प्रेषक,

**शीतला प्रसाद,**
विशेष सचिव,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

**सचिव,**
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।

**कार्मिक अनुभाग-3** **लखनऊ : दिनांक 19 फरवरी,** 2021

विषय:- प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा के परीक्षा कार्यक्रम एवं पाठ्यक्रम पर अनुमोदन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अपने पत्र संख्या-45/01/चार/आयोग/2021, दिनांक 12.02.2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परिधि में आने वाले सभी पदों पर चयन हेतु प्रथम स्तर पर आयोजित की जाने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (preliminary Eligibility Test-Pet) के लिए परीक्षा कार्यक्रम एवं पाठ्यक्रम पर अनुमोदन प्रदान किये जाने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संदर्भित पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (preliminary Eligibility Test-Pet) के लिए परीक्षा कार्यक्रम एवं पाठ्यक्रम पर निम्नवत् अनुमोदन प्रदान किया जाता है:-

## उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) हेतु प्रस्तावित पाठ्यक्रम

**प्रश्नों की संख्या-100** **परीक्षा की अवधि-2घंटा**

**पूर्णांक-100**

| क्र0सं0 | विषय | अंक |
|---|---|---|
| 1 | **भारतीय इतिहास (Indian History) :**<br>• सिन्धु घाटी की सभ्यता<br>• वैदिक संस्कृति<br>• बौद्ध धर्म: गौतम बुद्ध(जीवनी एवं शिक्षायें)<br>• जैन धर्म : महावीर (जीवनी एवं शिक्षायें )<br>• मौर्य वंश : सम्राट अशोक<br>• गुप्त वंश : समुद्र गुप्त ,चन्द्र गुप्त द्वितीय<br>• हर्षवर्द्धन<br>• राजपूत काल | 05 |

| | | |
|---|---|---|
| | • सल्तनत काल<br>• मुगल साम्राज्य<br>• मराठा<br>• ब्रिटिश राज का अभ्युदय एवं प्रथम स्वतंत्रता संग्राम<br>• ब्रिटिश राज का सामाजिक-आर्थिक प्रभाव | |
| 2 | **भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन (Indian National Movement) :**<br><br>• स्वाधीनता आन्दोलन के प्रारम्भिक वर्ष<br>• स्वदेशी तथा सविनय अवज्ञा आंदोलन : महात्मा गाँधी तथा अन्य नेताओं की भूमिका<br>• क्रांतिकारी आंदोलन तथा उग्र राष्ट्रवाद का उदय<br>• विधायी संशोधन तथा ब्रिटिश इंडिया एक्ट, 1935<br>• भारत छोड़ो आंदोलन, आजाद हिन्द फौज तथा नेता जी सुभाष चन्द्र बोस | 05 |
| 3 | **भूगोल (Geography) :**<br><br>• भारत एवं विश्व का भौतिक भूगोल<br>    ○ नदियां तथा नदियों की घाटी<br>    ○ भूजल संसाधन<br>    ○ पर्वत ,पहाड़ियां तथा हिमनद<br>    ○ मरूस्थल और शुष्क क्षेत्र<br>    ○ वन<br>    ○ खनिज संसाधन (विशेषकर भारत में)<br>• भारत एवं विश्व का राजनैतिक भूगोल<br>• जलवायु तथा मौसम<br>• टाइम जोन<br>• जनसांख्यकीय परिवर्तन तथा प्रवास | 05 |
| 4 | **भारतीय अर्थव्यवस्था (Indian Economy) :**<br><br>• भारतीय अर्थव्यवस्था (1947 से 1991 तक)<br>    ○ योजना आयोग तथा पंचवर्षीय योजनायें<br>    ○ मिश्रित अर्थव्यवस्था का विकास: निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र<br>    ○ हरित क्रांति<br>    ○ दुग्ध विकास एवं ऑपरेशन फ्लड<br>    ○ बैंकों का राष्ट्रीयकरण तथा सुधार<br>• वर्ष 1991 में आर्थिक सुधार तथा उसके बाद की अर्थव्यवस्था<br>• वर्ष 2014 के पश्चात के आर्थिक सुधार<br>    ○ कृषि सुधार<br>    ○ ढांचागत सुधार<br>    ○ श्रम-सुधार | 05 |

| | | |
|---|---|---|
| | ○ आर्थिक सुधार<br>○ जी0एम0टी0 | |
| 5 | **भारतीय संविधान एवं लोक प्रशासन (Indian Constitution & Public Administration) :**<br><br>• भारतीय संविधान<br>○ भारतीय संविधान की मुख्य विशेषतायें<br>○ राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धान्त<br>○ मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य<br>○ संसदीय प्रणाली<br>○ संघीय प्रणाली, संघ एवं केन्द्रशासित प्रदेश, केन्द्र-राज्य सम्बन्ध<br>○ न्यायिक ढांचा-सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय<br>• जिला प्रशासन<br>• स्थानीय निकाय तथा पंचायती राज संस्थायें | 05 |
| 6 | **सामान्य विज्ञान (General Science) :**<br><br>• प्रारम्भिक भौतिक विज्ञान<br>• प्रारम्भिक रसायन विज्ञान<br>• प्रारम्भिक जीव विज्ञान | 05 |
| 7 | **प्रारम्भिक अंकगणित(Elementary Arithmetic) :**<br><br>• पूर्ण संख्या, भिन्न तथा दशमलव<br>• प्रतिशतता<br>• साधारण अंकगणितीय समीकरण<br>• वर्ग एवं वर्गमूल<br>• घातांक एवं घात<br>• औसत | 05 |
| 8 | **सामान्य हिन्दी (General Hindi) :**<br><br>• संधि<br>• विलोम शब्द<br>• पर्यायवाची शब्द<br>• वाक्यांशो के लिए एक शब्द<br>• लिंग<br>• समश्रुत भिन्नार्थक शब्द<br>• मुहावरे-लोकोक्तियाँ<br>• सामान्य अशुद्धियां<br>• लेखक और रचनाएँ (गद्य एवं पद्य) | 05 |

| | | |
|---|---|---|
| 9 | सामान्य अंग्रेजी(General English) :<br><br>• अंग्रेजी व्याकरण<br>• अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्न | 05 |
| 10 | **तर्क एवं तर्कशक्ति (Logic & Reasoning) :**<br><br>• वृहत एवं लघु<br>• क्रम एवं रैंकिंग<br>• संबंध<br>• समूह से भिन्न को अलग करना<br>• कैलेण्डर एवं घड़ी<br>• कारण और प्रभाव<br>• कोडिंग-डिकोडिंग (संख्या तथा अक्षर)<br>• निगमनात्मक तर्क/कथन विश्लेषण एवं निर्णय | 05 |
| 11 | **सामयिकी (Current Affairs) :**<br><br>• भारतीय एवं वैश्विक | 10 |
| 12 | **सामान्य जागरूकता (General Awareness)**<br><br>• भारत के पड़ोसी देश<br>• देश, राजधानी एवं मुद्रा<br>• भारत के राज्य तथा केन्द्र शासित प्रदेश<br>• भारतीय संसद, राज्यसभा, लोकसभा और विधान सभा, विधान परिषद<br>• राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवस<br>• विश्व संगठन एवं उनके मुख्यालय<br>• भारतीय पर्यटन स्थल<br>• भारत की कला एवं संस्कृति<br>• भारत एवं विश्व के खेल<br>• भारतीय अनुसंधान संगठन<br>• प्रसिद्ध पुस्तकें और लेखक<br>• पुरस्कार एवं विजेता<br>• जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण | 10 |
| 13 | **अपठित हिन्दी गद्यांश का विवेचन एवं विश्लेषण- 02गद्यांश**<br><br>(प्रत्येक पर 05 प्रश्न) : | 10 |

| | | |
|---|---|---|
| 14 | ग्राफ की व्याख्या एवं विश्लेषण-02 ग्राफ<br>(प्रत्येक पर 05 प्रश्न) : | 10 |
| 15 | तालिका की व्याख्या एवं विश्लेषण-02 तालिकाएं<br>(प्रत्येक पर 05 प्रश्न) : | 10 |

शर्तें-

1- क्रमांक-01 से 09 पर अंकित शैक्षणिक विषयों से सम्बन्धित प्रश्नों की कठिनाई का स्तर (Difficulty Level) [illegible] राष्ट्रीय शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद (NCERT) द्वारा निर्धारित सेकेन्ड्री/सीनियर सेकेन्ड्री स्तर का होगा।

2- परीक्षा का प्रकार, वस्तुनिष्ठ प्रकृति का व प्रश्नपत्र बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित होगा।

3- प्रत्येक गलत उत्तर हेतु ¼ अंक की कटौती की जाएगी।

भवदीय,

(शीतला प्रसाद)
विशेष सचिव।